AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कम आवेदन वाले विभागों के घटेंगे संसाधन

लविवि : विभागों का होगा एकेडमिक ऑडिट, विभागाध्यक्ष को देना होगा जवाब

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में कम दाखिले वाले विभाग संसाधन में अब बराबर के भागीदार नहीं रहेंगे। विभागों को उनके यहां होने वाले दाखिलों के आधार पर ही संसाधन दिए जाएंगे। विवि प्रशासन ने इसकी तैयारी कर ली है। इसी कड़ी में विभागों की एकेडमिक ऑडिट होने जा रही है। इस साल कई भागों में सीटों के मुकाबले कम आवेदन आए हैं। कुछ विभाग तो ऐसे भी हैं, जिनमें आवेदन का आंकड़ा दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं हुआ है। एकेडमिक ऑडिट में पिछले तीन साल का ब्यौरा मांगा जाएगा। इसके आधार पर विभागाध्यक्षों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन कि तारीख समाप्त हो चुकी है। परास्नातक पाठ्यक्रमों में दर्जन भर से ज्यादा ऐसे पाठ्यक्रम हैं, जिनमें आवेदनों की संख्या सीट से कम है। इनमें से ज्यादातर कला संकाय के पाठ्यक्रम हैं। उर्दू, संस्कृत, फिलॉसफी जैसे परंपरागत विषय भी इसी श्रेणी में आ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इन पाठ्यक्रमों की हालत इसी साल खराब हुई है। विवि में पिछले कई साल से इनका यही हाल है। कुछ विभाग तो ऐसे भी हैं, जिनमें दाखिलों की संख्या शिक्षक के बराबर भी नहीं पहुंच रही है। इसको देखते हुए लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी विभागों का एकेडमिक ऑडिट कराने का फैसला किया है। इसमें सभी शिक्षकों का भी एकेडमिक ऑडिट किया जाएगा। ऑडिट में शिक्षकों की उपलब्धि के साथ ही उनके द्वारा ली जा रही क्लास, उनके द्वारा विवि के अन्य कामों की जानकारी भी होगी। रिपोर्ट के आधार पर विभाग का रिपोर्ट कार्ड तैयार हो जाएगा। रिपोर्ट में जो विभाग अच्छा प्रदर्शन करेंगे उन्हें खराब प्रदर्शन वाले विभाग का मार्गदर्शन करने को कहा जा सकता है। साथ ही जो विभाग जितना अच्छा प्रदर्शन करेंगे उनको उसी अनुपात में संसाधन भी आवंटित किए जाएंगे। खराब प्रदर्शन करने पर संसाधन में कटौती भी की जाएगी।

■ मॉडर्न अरेबिक में शून्य तो आचार्य में महज दो आवेदन ही आए

ओरिएंटल संस्कृत विभाग में संचालित आचार्य पाठ्यक्रम में इस साल महज दो आवेदन ही आए हैं। वहीं, मॉडर्न अरेबिक में आवेदन शून्य हैं। इसके अलावा एमए फ्रेंच, एमए पर्शियन, अरब कल्चर, एमए फॉरेंसिक साइंस में आवेदन का आंकड़ा दहाई में भी नहीं पहुंचा। विवि ने कई पाठ्यक्रमों के आवेदन संयुक्त रूप से मांगे हैं। काउंसलिंग के बाद साफ होगा कि संयुक्त रूप से मांगे आए आवेदनों में कितने पाठ्यक्रमों का संचालन इस साल संभव नहीं है।

10 पाठ्यक्रमों की सेंटर लिस्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमए और एमकॉम के साथ ही 10 पाठ्यक्रम के सेंटर सूची और शिफ्टिंग सूची जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. आनंद मुरारी सक्सेना ने बताया कि बीजेएमसी की परीक्षा तीन परीक्षा केंद्रों पर होगी। एमए हिंदी की परीक्षा दो केंद्रों पर, एमए अंग्रेजी की दो, एमए इकोनॉमिक्स की दो, बीपीएड की एक, मास कम्युनिकेशन की 5, एमए समाजशास्त्र की 4, बीकॉम ऑनर्स की पांच और बीसीए की परीक्षा तीन परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा केंद्र और शिफ्टिंग सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वह अपने परीक्षा केंद्र तथा शिफ्टिंग सूची पहले से ही देख लें, ताकि बाद में समस्या न हो।

यहां सीट से भी कम आए आवेदन

पाठ्यक्रम	सीट	आवेदन
आचार्य	20	2
एमए अरब कल्चर	30	7
एमए अरेबिक	30	24
एमबीई	60	26
एमए डिफेंस स्टडीज	25	24
एमए फ्रेंच	40	7
एमए ज्योतिर्विज्ञान	30	21
एमए लिंग्विस्टिक	40	20
एमए मॉडर्न अरेबिक	30	0
एमए पर्शियन	30	5
एमए फिलॉसफी	40	37
एमए संस्कृत	80	64
एमए उर्दू	130	102
एमए वुमेन्स स्टडीज	30	10
एमए पॉपुलेशन स्टडीज	40	37
एमबीए	20	12
एमएससी मास कम्युनिकेशन	40	12

लविवि में आंतरिक शिकायत समिति गठित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर दिया गया है। समिति की अध्यक्ष प्रो. शीला मिश्रा की सिफारिश पर 6 सदस्यों का नाम फाइनल किया गया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इसका आदेश जारी कर दिया है। समिति में लोक प्रशासन विभाग की डॉ. श्रद्धा चंद्रा, बायोकेमिस्ट्री विभाग की डॉ. कुसुम यादव इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म के डॉ. अमर कुमार तिवारी, रिसर्च स्कॉलर आदित्य कुमारी, एम्पलॉयी मनीष कुमार वाल्मीकि और एडवोकेट प्रज्ञामती गुप्ता को रखा गया है। समिति विद्यालय की सभी शिकायतों की सुनवाई करने के बाद अपनी जांच रिपोर्ट देगी।

कंप्यूटर साइंस विभाग में वाइवा 14 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परीक्षा के साथ ही 14 सितंबर से वाइवा की शुरुआत हो रही है। कंप्यूटर साइंस विभाग में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच में बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर के वाइवा होंगे। वहीं, 18 सितंबर को एमसीए अंतिम सेमेस्टर के वाइवा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच होंगे। विद्यार्थियों को अपने ग्रुप के हिसाब से उपस्थित होने को कहा गया है।

JAGRAN CITY PAGE I

लखनऊ विवि : नए सत्र की क्लास शुरू करने की तैयारी, एक अक्टूबर से 50 फीसद छात्र कैंपस में और 50 फीसद घर से करेंगे क्लास

50-50 फॉर्मूले पर अब खुलेंगी कक्षाएं

कोरोना संक्रमण काल में अगर विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में कक्षाएं शुरू की गईं तो उनका प्रारूप क्या होगा? यह सवाल हर छात्र और अभिभावक के जेहन में उठ रहा है। इसे लेकर राजधानी स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय ने नया फॉर्मूला ईजाद किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 50-50 प्रतिशत छात्रों से कैंपस खोलने का मन बनाया है। इसके तहत रोल नंबर के आधार पर आधे-आधे छात्र-छात्राओं को बुलाया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विश्वविद्यालय में ऑनलाइन क्लासेज लगातार चलेंगी। आधे छात्र क्लासरूम में बैठेंगे और उसी समय बाकी बचे हुए 50

12 से 13 हजार नियमित छात्र हैं लखनऊ विवि के पुराने कैंपस में

राज्यपाल से मांगी अनुमति

15 सितंबर से ऑनलाइन क्लासेज शुरू कर दी जाएंगी। इसकी औपचारिक घोषणा के लिए राज्यपाल/कुलाधिपति से अनुमति मांगी गई है। 30 सितंबर तक ऑनलाइन क्लासेज ही चलेंगी। पुरानी गाइडलाइन के तहत एक अक्टूबर से संस्थान खोले जाने की छूट दी गई थी। अगर इस दौरान कोई नई गाइडलाइन नहीं जारी होती है तो पुरानी गाइडलाइन के तहत पहली अक्टूबर से हाइब्रिड मॉडल पर 50-50 प्रतिशत छात्रों से फिजिकल क्लास शुरू की जाएगी।

प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय

5000 के करीब छात्र हैं नए कैंपस में | **172** कॉलेज लविवि से संबद्ध हैं | **1.5** लाख के करीब विद्यार्थी हैं लविवि से संबद्ध कॉलेजों में

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

लविवि : शिकायत समिति के सदस्यों के नाम घोषित

लखनऊ। लविविप्रशासन ने आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों के नाम घोषित किये। इसके लिए कुलपति के निर्देश पर कुलसचिव की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। कुछ दिन पूर्व ही प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सांख्यिकी विभाग की प्रो. शीला मिश्रा को बनाया गया है। फिलहाल शिक्षक सहित अन्य छह लोगों को सदस्यों के रूप में जोड़ा गया हैं। इसमें लोक प्रशासन विभाग की डॉ. श्रद्धा चंद्रा, बायोकैमेस्ट्री विभाग की डॉ. कुसुम यादव, ट्यूरिज्म इंस्टीट्यूट के डॉ. अमर कुमार तिवारी, शोध छात्रा आदित्य कुमारी, कर्मचारी मनीष कुमार वाल्मिकी और अधिवक्ता व समाज सेविका प्रज्ञामति गुप्ता शामिल है।

लविवि ने परीक्षा केंद्र किये घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने कई स्नातक और परास्नातक विषयों की परीक्षाओं को लेकर केंद्र निर्धारित कर दिये है। इसकी जानकारी देते हुये प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीजेएमसी छठे सेमेस्टर के तीन केंद्र, एमए हिन्दी चतुर्थ सेमेस्टर के दो केंद्र, एमए अंग्रेजी चतुर्थ सेमेस्टर के दो केंद्र, एमए इकोनॉमिक्स के दो केंद्र, बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर के छह केंद्र, एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन चतुर्थ सेमेस्टर के दो केंद्र, एमकॉम व एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स के पांच केंद्रों, एमए सोशलॉजी चार केंद्रों बीकॉम आनर्स की पांच केंद्रों और बीसीए की तीन केंद्रों पर परीक्षा आयोजित करायी जायेगी। इसकी सूची विवि के अधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दी गयी है।

लविवि : यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लविवि ने बुधवार को यूजी-पीजी व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एमके सक्सेना के मुताबिक एमए वूमेन स्टडीज फोर्थ सेमेस्टर, एमएससी फोर्थ सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा बॉयोडायवर्सिटी वाइल्ड लाइफ कान्वर्सेशन एंड मैनेजमेंट सेकेंड सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा इन एक्प्लोरेशन, रिसोर्सेस एंड माइनिंग टेक्नोलॉजी सेकेंड सेमेस्टर, बीए हिन्दी ऑनर्स सेकेंड सेमेस्टर समेत अन्य पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। परीक्षार्थी विवि की वेबसाइट पर इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

TOI PAGE 3

NEP offers life coaching with education for students' transformation, says LU VC

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The New Education Policy (NEP) is "LIFES-changing", provides flexibility, focuses on the overall development of students, will provide greater employability and sets a solid education foundation from the school level itself.

These were the views of academics during an online brainstorming session on 'New Education Policies and Online Education' during TOI's 'Education Warriors' event held on Wednesday. The event was organized to pay tribute to educationists for championing the new normal in education at the time of the Covid-19 pandemic.

From the perspective of higher education institutions, vice-chancellor of Lucknow University Prof Alok Kumar Rai said, "The new education policy is 'LIFES-changing'. Here, 'L' stands for life coaching, I for international integration, F for flexibility, E for providing employability and 'S' for structural changes."

TOI EVENT

The life coaching approach offered in this policy, he said, would result in complete transformation of a student—which is the real meaning of education.

"The flexibility this policy offers is worth appreciating as students are not confined to a stream and can take an exit in different years of a course. At LU, we are offering flexibility through the choice-based credit system," he added.

Former CBSE coordinator Ashok Ganguly said, "The policy will set a solid foundation. It has transformed pre-school system which was unorganised and unregulated. Now it will come under a regulatory framework as the quality of content and teachers will be looked into."

Ganguly said NEP talks about interdisciplinary approach, conceptualized learning, innovative pedagogy, experimental learning, creative thinking and technology in class—which was unheard of in the earlier schooling system, he said.

"In our schooling system, a student has to study set subjects in a stream like physics, chemistry and mathematics together. Nowhere in the world does such a restriction exist," he added.

President of Unaided Private School Association, Uttar Pradesh, Anil Agarwal said that for successful implementation of NEP, it is essential to involve educationists from private sector in the core committees made for implementation since they have a major stake in the schooling system.

"Seamless teaching should be promoted where virtual classes should give students a feel of real classrooms. Online education should be free from YouTube and WhatsApp," said the founder of Project Out-of-School Children and trustee of St Paul School Amreesh A Chandra.

Deputy chief minister Dinesh Sharma, the chief guest, awarded educationists from various institutions for their extraordinary conribution.

"The new education policy will reduce tension for students about future and job prospects; right from pre-school, a strong foundation will be laid."

He said good education and teachers pave way for a good society that helps in the nation's development.

EDUCATION WARRIORS AWARDED FOR HARD WORK

Educationists have championed the new normal in education at the time of Covid-19. At its event 'Education Warriors' on Wednesday, TOI honoured these great minds

- **Rakesh Kumar Chattree** | Christ Church College
- **Prof Geeta Gandhi** | City Montessori School
- **Brajendra Singh** | Pioneer Montessori School
- **Jai Pal Singh** | Rani Laxmi Bai Memorial Group of Schools
- **Mohinder Singh** | Rani Laxmi Bai Memorial Group of Schools
- **Narender Pratap Singh** | Rani Laxmi Bai Memorial Group of Schools
- **Pushpalata Agarwal** | St Joseph Group of Institutions
- **SP Singh** | Lucknow Public Collegiate
- **Promini Chopra** | Seth MR Jaipuria Schools
- **Harish Chandra Pandey** | Central Academy
- **Deepak Madhok** | Sunbeam Group Of Educational Institutions (Varanasi)
- **Pawan Singh Chauhan** | S R Global Institute
- **Umesh Gupta** | The Indian Academy
- **Pushpa Gupta** | Uma Devi Children's Academy
- **Amreesh A Chandra** | Online World School & Go Learn Guru
- **Anil Agarwal** | Uttar Pradesh Unaided Private Schools Association
- **Mala Mehra** | Uttar Pradesh Unaided Private Schools Association

MOMENT OF GLORY: Deputy CM Dinesh Sharma was the chief guest at the event which was a tribute to academics

i-NEXT PAGE 4

कोरोना काल में 'परदेस' से स्टूडेंट्स का मोहभंग

LUCKNOW (9 Sept, inext) : कोरोना संक्रमण के कारण स्टूडेंट्स पढ़ाई के लिए दूर के शहरों में नही जाना चाहते हैं. ऐसे में लखनऊ यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए आए रिकॉर्डतोड़ आवेदन कुछ इसी ओर इशारा कर रहे हैं. यूनिवर्सिटी में अब तक एडमिशन के लिए करीब 60 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं. जिसमें यूजी के लिए करीब 42,212 हजार और पीजी कोर्सेस के लिए करीब 17,703 हजार से अधिक आवेदन आए हैं. इससे पहले एलयू में कभी एडमिशन के लिए इतने आवेदन नही आए हैं. गौरतलब है कि लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीते साल करीब 35 हजार आवेदन एडमिशन के लिए आए थे. वहीं इस बार यूजी कोर्स के लिए आए आवेदनों ने पिछले करीब 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

i SPECIAL

CONCEPT PIC

- यूजी और पीजी कोर्सेस में निकलकर आए रिकॉर्ड 60 हजार आवेदन
- कोरोना के कारण आस-पास के जिलों से भी खूब आए आवेदन

साल दर साल बढ़ते गए आवेदन

वर्ष	आवेदन
2020	60,000 के करीब
2019	35,000 के करीब
2018	32,000 के करीब
2017	28,000 के करीब

आसपास के जिलों से अधिक आवेदन

कोरोना संक्रमण के कारण राजधानी के आसपास के जिलों के स्टूडेंट्स ने इस बार एडमिशन के लिए दिल्ली या हैदराबाद की ओर रुख नहीं किया है. एडमिशन के लिए उनकी पहली पसंद लखनऊ यूनिवर्सिटी ही बनी हुई है. एलयू में इस बार रायबरेली, बाराबंकी, हरदोई, उन्नाव, गोरखपुर, बस्ती, बलिया, श्रावस्ती से इस बार बंपर आवेदन आए हैं. यहां तक की पूर्वांचल के बलिया और देवरिया से भी खूब आवेदन आए हैं. एलयू प्रशासन के अनुसार पिछले साल 35 से 40 हजार के बीच ही कुल आवेदन आए थे, जबकि इस बार 42 हजार के करीब आवेदन सिर्फ यूजी कोर्सेस के लिए आए हैं.

"कोरोना के कारण स्टूडेंट्स अपने शहर या आसपास ही पढ़ने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं. वहीं अधिक आवेदन आने का एक बड़ा कारण यह भी है कि स्टूडेंट्स एनालिसिस करके आवेदन कर रहे हैं. वे ऐसे संस्थान से पढ़ाई करना चाहते हैं, जहां उन्हें क्वॉलिटी एजुकेशन के साथ रिसर्च और इनोवेशन की पूरी सुविधा मिले. **प्रो. आलोक कुमार राय,** वीसी, एलयू

कहां कितने आवेदन

सब्जेक्ट	आवेदन	सीटें
बीए, बीए ऑनर्स	10574	1210-380
बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स	10889	450-240
बीएससी बायो ग्रुप	4029	280
बीएससी मैथ्स	6481	470
बीएससी नॉनबॉयोलस ग्रुप	6481	470
बीबीए रिन्यूबल एनर्जी	63	25
बीसीए	1616	60
बीबीए बीएफए	589	98
एलएलबी फाइव इयर	4626	160
यूजी मैनेजमेंट	2735	360
बीएलएड	2159	120

एमएससी कोर्सेस की अधिक डिमांड

सब्जेक्ट	आवेदन	सीटें
एमएससी जूलॉजी	572	50
एमए पॉलिटिकल साइंस	566	120
एमएससी बॉटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबॉयोलॉजी	758	135
एमएससी केमिस्ट्री, फॉर्मेस्यूटिकल केमिस्ट्री	656	130
एमएससी फिजिक्स, रिन्यूबल एनर्जी	467	97
एमएससी मैथमेटिक	609	150

यूजी-पीजी का एग्जाम शेड्यूल घोषित

LUCKNOW(9 Sept): एलयू ने बुधवार को यूजी, पीजी व डिप्लोमा कोर्सेस का एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया. एग्जाम कंट्रोलर डॉ. एमके सक्सेना ने बताया कि एमए वुमेन स्टडीज फोर्थ सेमेस्टर, एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी फोर्थ सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा इन एक्प्लोरेशन, रिसोर्सेस एंड माइनिंग टेक्नोलॉजी सेकंड सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा बॉयोडायवर्सिटी वाइल्ड लाइफ कन्वरजेशन एंड मेनेजमेंट सेकंड सेमेस्टर, बीए हिंदी ऑनर्स सेकंड सेमेस्टर व अन्य कई कोर्सेस का एग्जाम शेड्यूल जारी किया गया है. एग्जाम शेड्यूल एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है.

कब कौन सा पेपर

सब्जेक्ट	डेट
एमएससी जियालॉजी	23 से 25 सितंबर
एमए वुमेन स्टडीज फोर्थ सेमेस्टर	28 सितंबर से 1 अक्टूबर
पीजी डिप्लोमा बॉयोडायवर्सिटी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट सेकंड सेमेस्टर	28 से 30 सितंबर
एमए साइकोलॉजी फोर्थ सेमेस्टर	28 से एक अक्टूबर

NBT PAGE 6

एलयू में यूजी, पीजी, डिप्लोमा का एग्जाम शेड्यूल तय

वेबसाइट पर अपलोड की गई पूरी जानकारी

■ **एनबीटी,लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को यूजी, पीजी व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. एमके सक्सेना ने बताया कि एमए वुमेन स्टडीज फोर्थ सेमेस्टर, एमएससी (एप्लाइड जिओलॉजी) फोर्थ सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा इन एक्सप्लोरेशन, रिसोर्सेस एंड माइनिंग टेक्नॉलजी सेकेंड सेमेस्टर, एमए साइकॉलजी फोर्थ सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा बॉयोडायवर्सिटी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट सेकंड सेमेस्टर, बीए हिन्दी ऑनर्स सेकंड सेमेस्टर व अन्य कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जानकारी एलयू की वेबसाइट पर है।

यह है शेड्यूल

एमएससी जियॉलजीः 23 सितंबर से 25 सितंबर

एमए विमन स्टडीज(फोर्थ सेम) 28 सितंबर से एक अक्टूबर

पीजी डिप्लोमा बायोडायवर्सिटी वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट(सेकंड सेम)ः 28 सितंबर से 30 सितंबर

एमए साइकॉलजी (फोर्थ सेम)ः 28 सितंबर से एक अक्टूबर

परीक्षा केंद्रों की सूची भी जारी

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को यूजी और पीजी के 10 पाठ्यक्रमों के फाइनल सेमेस्टर की परीक्षा के केंद्रों की सूची जारी कर दी। ये परीक्षाएं 14 सितंबर से छह अक्टूबर के बीच होंगी।